CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 217 ▫ रायपुर, रविवार 31 अगस्त 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## नक्सलियों के खुफिया डंप से भारी मात्रा में दैनिक सामग्री बरामद



**गरियाबंद,** 31 अगस्त (हाईवे चैनल)। गरियाबंद जिले में नक्सलियों के द्वारा जंगल में छुपा कर रखे गए सामग्रियों को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ द्वारा बरामद कर उसे नष्ट किय गया है. प्राप्त गोपनीय खुफ़िया सूचना के आधार पर केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की 65वीं बटालियन द्वारा 30 अगस्त को गरियाबंद जिले के थाना-मैनपुर अंतर्गत भालुडिग्गी वन क्षेत्र में एक सी स्तर का एरिया डॉमिनेशन ऑपरेशन चलाया गया. इस अभियान में एफ/65 एवं जी/65 कंपनियों की संयुक्त टुकड़ी सम्मिलित रही.

सर्चिंग अभियान के दौरान कुल्हड़ीघाट एवं बिंद्रानवागढ़ क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा भारी मात्रा में छिपाकर रखी गई उपयोगी सामग्री बरामद की गई, जिसमें सिलाई मशीन, पिट्ठू बैग, प्लास्टिक के जूते, तिरपाल, दवाइयां दैनिक उपयोग की सामग्री राशन सामग्री शामिल थी. जिसे बरामद हुई तथा मौके पर ही नष्ट कर दी गई. इस प्रकार की बरामदगी से स्पष्ट होता है कि नक्सली संगठन अब भी जंगलों में अपनी गतिविधियां संचालित करने के लिए स्थानीय स्तर पर सामग्री एकत्र करने का प्रयास कर रहे हैं. सीआरपीएफ़ द्वारा चलाए जा रहे निरंतर ऑपरेशन से नक्सलियों की आपूर्ति श्रृंखला एवं छिपे रहने के साधनों को लगातार ध्वस्त किया जा रहा है. 65 वीं बटालियन सीआरपीएफ़ क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा कायम रखने के लिए स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग से नियमित एरिया डॉमिनेशन, सर्च एवं कॉम्बिंग ऑपरेशन संचालित करती रहेगी.

**सीआरपीएफ जवानों को मिली सफलता**

## लखनऊ में पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट, 7 लोगों की मौत 5 घायल



नई दिल्ली, 30 अगस्त (न्यूज चैनल)। राजधानी लखनऊ में रविवार को पटाखा फैक्टरी में अचानक विस्फोट हो गया। जोरदार धमाके से पूरा इलाका दहल उठा। आवाज सुनकर लोग घरों से निकलकर मौके की तरफ भागे। स्थानीय लोगों ने अंदर फंसे लोगों को बचाने का प्रयास शुरू किया। घटना गुडंबा थाना क्षेत्र के बेहटा इलाके की है।

उधर, पुलिस और एंबुलेंस को भी सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस, एंबुलेंस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घायल लोगों को अस्पताल भेजा। घटना में करीब सात लोगों के मरने की आशंका जताई जा रही है। करीब पांच लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। राहत बचाव कार्य जारी है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पटाखा फैक्टरी में हुए हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए।

**सीएम योगी ने ली घटना की जानकारी**

### ब्रेकिंग न्यूज

## विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता के साथ संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध



**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रविवार को तियानजिन में अहम मुलाकात की। करीब एक घंटे चली इस बैठक में सीमा विवाद, कैलाश मानसरोवर, व्यापार और पारस्परिक रिश्तों को मजबूत करने जैसे तमाम मुद्दों पर बात हुई। अमेरिकी टैरिफ से जूझ रही दुनिया की नजर इस बैठक पर थी।

पीएम मोदी और जिनपिंग के बीच करीब 10 महीनों में यह पहली मुलाकात है। दोनों नेताओं की पिछली मुलाकात अक्तूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर हुई थी। चर्चा के लिए मुद्दों की व्यापकता को देखते हुए आधिकारिक सूत्रों ने संकेत दिया है कि वे दिन में बाद में फिर से मिल सकते हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, %पिछले साल कजान में हमारी बहुत ही उपयोगी चर्चा हुई थी, जिससे हमारे संबंधों को सकारात्मक दिशा मिली। सीमा पर सैनिकों की वापसी के बाद शांति और स्थिरता का माहौल बना है।

## प्रवासी नाव डूबने से 70 लोगों की दर्दनाक मौत, मच गया हाहाकार

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (न्यूज चैनल)। पश्चिम अफ्रीका के तट पर बुधवार को एक बड़ा और दुखद हादसा हुआ। गाम्बिया के विदेश मंत्रालय ने बताया कि एक प्रवासी नाव के पलट जाने से 70 लोगों की मौत हो गई। यह नाव गाम्बिया से रवाना हुई थी और इसमें मुख्य रूप से गाम्बिया और सेनेगल के नागरिक सवार थे। यह घटना मॉरिटानिया के तट के पास हुई। अधिकारियों के अनुसार नाव पर लगभग 150 लोग सवार थे जिनमें से केवल 16 लोगों को ही जीवित बचाया जा सका। यह हादसा अटलांटिक रूट पर हुआ जिसे दुनिया का सबसे खतरनाक प्रवासन मार्ग माना जाता है। इस रास्ते से हर साल हजारों लोग स्पेन के कैनरी द्वीपों तक पहुंचने की कोशिश करते हैं। खतरनाक रास्ता- यूरोपीय संघ के आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल 46,000 से ज्यादा अवैध प्रवासी इसी रास्ते से कैनरी द्वीप पहुंचे थे जबकि 10,000 से ज्यादा प्रवासियों की समुद्र में डूबकर मौत हो गई थी। गाम्बिया सरकार ने इस घटना के बाद अपने नागरिकों से अपील की है कि वे ऐसी जोखिम भरी यात्राओं से बचें जो लगातार लोगों की जान ले रही हैं। इस बीच बीते 4 अगस्त को यमन के अदन की खाड़ी में एक और नाव हादसा हुआ था। इस हादसे में 54 लोगों की डूबकर मौत हो गई थी और 80 से अधिक लोग लापता हो गए थे।

## इंजीनियरों की टीम हर हफ़्ते करेगी काम महानदी पर बनेगा समन्वय का नया ढांचा



**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (न्यूज चैनल)। भारत की एक प्रमुख नदी, महानदी, जो छत्तीसगढ़ से निकलकर ओडिशा होकर बंगाल की खाड़ी तक जाती है, लंबे समय से विवाद का कारण बनी हुई है। इस लंबे विवाद को बातचीत से हल करने के लिए 30 अगस्त 2025 को नई दिल्ली में एक अहम बैठक हुई। इसमें छत्तीसगढ़ और ओडिशा के मुख्य सचिवों और जल संसाधन विभाग के सचिवों ने हिस्सा लिया। बैठक में दोनों राज्यों ने माना कि यह समस्या बहुत पुरानी और कठिन है, लेकिन लोगों और दोनों राज्यों के भले के लिए इसका समाधान मिल-बैठकर निकालना ही होगा। बैठक में यह भी तय हुआ कि सितंबर 2025 से दोनों राज्यों की तकनीकी समितियाँ, जिनमें इंजीनियर और विशेषज्ञ होंगे, हर हफ़्ते बैठक करेंगी। ये समितियाँ मुख्य मुद्दों को पहचानेंगी और उनका हल निकालने की कोशिश करेंगी। साथ ही, वे यह भी देखेंगी कि कैसे दोनों राज्यों के बीच बेहतर तालमेल बनाया जा सकता है। अक्टूबर 2025 में दोनों राज्यों के मुख्य सचिव एक और बैठक करेंगे। इसमें जल संसाधन सचिव भी शामिल होंगे। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो दिसंबर तक दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री भी मुलाक़ात कर सकते हैं और आगे की दिशा तय करेंगे। अंत में दोनों राज्यों ने यह वादा किया कि वे ईमानदारी और खुले मन से बातचीत करेंगे, ताकि महानदी जल विवाद का हल ऐसा निकले जो सबके लिए लाभकारी हो।

**महानदी जल विवाद सुलझाने को छत्तीसगढ़ और ओडिशा ने शुरू की पहल**

## मंदिर में पुजारी की निर्मम हत्या खून से लथपथ मिली लाश



**तखतपुर,** 31 अगस्त (हाईवे चैनल)। तखतपुर थाना क्षेत्र के सूरीघाट में मंदिर के पुजारी की निर्मम हत्या कर दी गई है. रविवार सुबह पुजारी की लाश मंदिर परिसर में खून से लथपथ मिली है. हत्या की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है. सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है.

जानकारी के मुताबिक, सूरीघाट के पाठ बाबा मंदिर का पूरा मामला है. जहां आज सुबह पुजारी जागेश्वर पाठक की खून से सनी लाश मिली. घटना की सूचना पर तखतपुर पुलिस मौके पर पहुंची है. पुजारी के सिर पर धारदार हथियार से किए गए हमले के निशान पाए गए हैं. अज्ञात आरोपी मर्डर की घटना को अंजाम देकर हुए फरार हो गए हैं. पुलिस मामले में आसपास लोगों से पूछताछ कर रही है. मामले की गंभीरता को देखते हुए बिलासपुर एसएसपी रजनेश सिंह स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं. वहीं मौके पर एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की टीम पहुंच गई है. बिलासपुर एसएसपी रजनेश सिंह ने बताया कि यह बहुत ही जघन्य हत्या है. कोई बड़ी रंजिश के चलते वारदात की आशंका है, लेकिन अब तक ऐसी कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं. पुलिस इस मामले में बारीकी से जांच कर रही है. जल्द ही वारदात में शामिल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

## ट्रक के खुफिया चैंबर से 150 किलो गांजा बरामद, 2 तस्कर गिरफ्तार



**कवर्धा,** 31 अगस्त (हाईवे चैनल)। कबीरधाम पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में ट्रक से गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. रविवार सुबह पुलिस ने चिल्फी थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए डेढ़ क्विंटल गांजा जब्त किया है. साथ ही तस्करी में शामिल दो आरोपियों को हिरासत में लिया है. आरोपी ओडिसा से ट्रक में गांजा भरकर दिल्ली की ओर ले जा रहे थे. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है.

जानकारी के मुताबिकस, चिल्फी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पीबी-02- ईजे -3009 नंबर ट्रक में 2 संदिग्ध लोग गैरकानूनी समान लेकर दिल्ली की ओर जा रहे हैं. इसके बाद चिल्फी पुलिस ने रायपुर-जबलपुर नेशनल हाईवे 30 पर नाकेबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी.

चेकपोस्ट पर एक ट्रक पहुंची, जिसकी तलाशी के दौरान पुलिस के होश उड़ गए. वाहन के डाला के नीचे खुफिया चैंबर बनाया गया था, जिसमें 100 से अधिक पैकेट्स में भरे लगभग 1.50 क्विंटल गांजा बरामद किया गया. पुलिस ने तस्करी में शामिल दोनों आरोपी को तत्काल हिरासत में ले लिया ।

## प्लेन के इंजन में लगी आग, 30000 फीट ऊंचाई पर अटकीं यात्रियों की सांसें

**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (न्यूज चैनल)। दिल्ली से इंदौर जा रही एअर इंडिया की एक फ्लाइट को रविवार को उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद वापस दिल्ली एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। विमान के दाहिने इंजन में आग लगने का संकेत (फायर इंडिकेशन) मिलने के बाद यह फैसला लिया गया। इस घटना के बाद पायलट की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया और सभी 180 यात्री और क्रू सुरक्षित हैं। एअर इंडिया के अनुसार यह घटना फ्लाइट AI2913 के साथ हुई। टेक-ऑफ के तुरंत बाद कॉकपिट क्रू को दाहिने इंजन से संबंधित फायर अलर्ट मिला। स्टैंडर्ड सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए क्रू ने तुरंत इंजन को बंद कर दिया और विमान को सुरक्षित रूप से दिल्ली एयरपोर्ट पर वापस उतार लिया। एअर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि विमान को फिलहाल ग्राउंड कर दिया गया है ।

## फ्लाई ऐश ईंट फैक्ट्री में बड़ा हादसा, सफाई के दौरान मशीन में फंसी महिला, पैर की तीन उंगलियां कटी



**बालोद.** जिले के परसोदा स्थित गंगोत्री फ्लाई ऐश ईंट फैक्ट्री में बड़ा हादसा हो गया है. सफाई के दौरान महिला मजदूर मशीन में फंस गई. हादसे में महिला के दोनों पैर फैक्चर और पैर की तीन उंगलियां कट गई हैं. फिलाहाल घायल महिला का निजी अस्तपाल में इलाज जारी है. जानकारी के मुताबिक, घायल महिला रूपा मंडावी, जो दल्लीराजहरा के वार्ड 27 की निवासी है. वह एक महीने पहले ही फैक्ट्री में काम पर लगी है. रविवार सुबह महिला कर्मचारी फ्लाई ऐश से ईंट बनाने वाली हाइड्रोलिक मशीन की सफाई करने पहुंची थी. इस दौरान महिला अंदाजा नहीं लगा पाई की मशीन चालू है, और वह उसमें फंस गई. दर्दनाक हादसे में महिला के दोनों पैर फैक्चर हो गए. वहीं पैर की तीन उंगलियां कट गई. घटना के बाद फैक्टरी संचालक ने महिला को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भर्ती कराया. जहां ट्रीटमेंट के बाद महिला को प्राइवेट हॉस्पिटल रेफर किया गया है. फिलहाल महिला का इलाज जारी है.

## प्राकृतिक आपदाओं पर बोले प्रधानमंत्री- जिसने प्रियजन खोए, उनकी पीड़ा हम सबका दर्द



**नई दिल्ली,** 30 अगस्त (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए रविवार (31 अगस्त) को लोगों से बात की। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र किया। उन्होंने बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से काफी तबाही हुई है। हर पीड़ित का दर्द, हम सभी का दर्द है। हर कोई पीड़ितों की मदद के लिए हरसंभव मदद कर रहा है।

उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियो, नमस्कार! मानसून के इस मौसम में प्राकृतिक आपदाएं देश की कसौटी कर रही हैं। पिछले कुछ हफ्तों में हमने बाढ़ और भू-स्खलन का बड़ा कहर देखा है। कहीं घर उजड़ गए, कहीं खेत डूब गए, परिवार के परिवार उजड़ गए, पानी के तेज बहाव में कहीं पुल बह गए, सड़कें बह गईं, लोगों का जीवन संकट में फंस गया। इन घटनाओं ने हर हिंदुस्तानी को दुखी किया है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजन खोए, उनका दर्द हम सबका दर्द है। जहां भी संकट आया, वहां के लोगों को बचाने के लिए हमारे एनडीआरएफ-एसडीआरएफ के जवान, अन्य सुरक्षा बल हर कोई दिन-रात जुटे रहे। जवानों ने तकनीक का सहारा भी लिया है। थर्मल कैमरे, लाइव डिटेक्टर, खोजी कुत्ते और ड्रोन से निगरानी, ऐसे अनेक आधुनिक संसाधनों के सहारे राहत कार्य में तेजी लाने की भरपूर कोशिश की गई।

उन्होंने आगे कहा, %हेलीकॉप्टर से राहत सामग्री पहुंचाई गई, घायलों को एयरलिफ्ट किया गया। आपदा की घड़ी में सेना मददगार बनकर सामने आई। स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, डॉक्टर, प्रशासन, संकट की इस घड़ी में सभी ने हर संभव प्रयास किया। मैं ऐसे हर नागरिक को हृदय से धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने इस कठिन समय में मानवीयता को सबसे ऊपर रखा हुआ है।

**मोदी के 'मन की बात'**